# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# 9 से 18 अगस्त के बीच मुंबई पर आतंकी हमले की सोशल मीडिया पोस्ट से हड़कंप, पुलिस ने शुरू की जांच


Sanket Morankar


Published on 05 Aug 2026





सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म **X (पूर्व मे Twitter)** पर 9 से 18 अगस्त के बीच मुंबई में बड़े आतंकी हमले की आशंका जताने वाली एक पोस्ट वायरल होने के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पोस्ट की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, **अब तक किसी भी आधिकारिक एजेंसी ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है।**

सोशल मीडिया पोस्ट से मचा हड़कंप

@AstroPrashnath9 नाम के X अकाउंट से अंग्रेज़ी में एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें दावा किया गया कि **9 से 18 अगस्त 2026 का समय भारत के लिए बेहद संवेदनशील हो सकता है और पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा बड़े हमले की आशंका है।**

पोस्ट वायरल होने के बाद कई लोगों ने इसे री-शेयर किया और मुंबई पुलिस को टैग कर इसकी जानकारी दी।

मुंबई पुलिस ने शुरू की जांच

@tstark86v1 नाम के एक यूज़र ने इस पोस्ट को मुंबई पुलिस के संज्ञान में लाया। इसके बाद पुलिस ने पोस्ट की सत्यता, स्रोत और इसे साझा करने वाले व्यक्ति की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पोस्ट किसी विश्वसनीय सूचना पर आधारित है या केवल अफवाह फैलाने के उद्देश्य से साझा की गई है।

पहले भी मिल चुकी हैं धमकियां

हाल के महीनों में मुंबई पुलिस और विभिन्न संस्थानों को कई बार बम धमकी वाले फोन और ई-मेल मिल चुके हैं। कुछ समय पहले

मुंबई के ताज होटल को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। इसके अलावा कई भारतीय एयरलाइंस को भी फर्जी बम धमकियों का सामना करना पड़ा था।

इसी पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस पोस्ट को सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से जांच रही हैं।

अफवाहों से बचने की अपील

मुंबई पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि **बिना आधिकारिक पुष्टि के किसी भी सोशल मीडिया पोस्ट या अफवाह पर विश्वास न करे ंऔर ऐसी सामग्री को अनावश्यक रूप से साझा करने से बचे।**

फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की जांच कर रही हैं और आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.